Latest Laws.com
Helping Good People Do Good Things

# JUDICIARY EXAMS QUESTION PAPER

**Free Downloadable Formats**

Hello Good People!

LatestLaws.com

# Andhra Pradesh Judicial Service

**Prelims Examination,**

**Question Paper**

LatestLaws.com

**DO NOT OPEN THIS QUESTION BOOKLET UNTIL YOU ARE ASKED TO DO SO**

**Booklet No.** 25593

**Booklet Series** **A**

# QUESTION BOOKLET

# CIVIL JUDGE (JUNIOR DIVISION) PRELIMINARY TEST

Time Allowed : 2 Hours | Maximum Marks : 100

## INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES

1. Immediately after commencement of the Examination you should check that this Question Booklet ***does not have any unprinted or torn or missing pages or items,*** etc. If so, get it replaced by a complete Question Booklet.
2. You have to enter your Roll Number on the Question Booklet in the Box provided alongside. *DO NOT* write anything else on the Question Booklet.
3. Candidate must fill up the necessary information in the space provided on the supplied OMR (Optical Mark Recognition) Answer Sheet before commencement of the Examination. *See directions on the OMR Answer Sheet.*
4. For marking the correct answer, darken **one** circle by **black** or **blue** ballpoint pen only. **Do not mark on more than one circle**. Darkening more than one circle against an answer will be treated as wrong answer.
5. Do not detach any leaf from this Question Booklet. After the Examination, **hand over the OMR Answer Sheet to the Room Invigilator**. You are allowed to take the Question Booklet after the Examination is over.
6. This Question Booklet contains **100 questions**. Each question carries **1 mark**. There is no negative marking for any wrong answer.
7. Two pages have been provided for Rough Work in this Question Booklet.
8. Possession and use of Calculator, Mobile Phone and Electronic Gadget is prohibited in the Examination Hall.
9. Candidates are informed that *evaluation of the OMR Answer Sheet will be done by Electronic Machine. So, they should shadow the bubbles of Roll No. and Booklet Series properly, otherwise Machine will not be able to evaluate it.* Failure to comply this instruction will be the sole responsibility of the Candidates.
10. Candidates appearing in the Examination will be allowed to leave the Examination Hall only after completion of the Examination.

**DO NOT OPEN THIS QUESTION BOOKLET UNTIL YOU ARE ASKED TO DO SO**

SEAL

LatestLaws.com

DO NOT WRITE ANYTHING ON THIS PAGE

इस पृष्ठ पर कुछ न लिखें

LatestLaws.com

**1.** From the following words, the misspelt word is

(A) Relinquish

(B) Illuminant

(C) Exodes

(D) Dependency

**2.** 'Gynaephobia' stands for

(A) fear of woman

(B) fear of sex

(C) fear of chins

(D) fear of marriage

**3.** The word which is most opposite in meaning to the word 'Random' is

(A) Accidental

(B) Haphazard

(C) Incidental

(D) Deliberate

**4.** Find the odd word out :

(A) Peripheral

(B) Necessary

(C) Fundamental

(D) Essential

**5.** One who walks in sleep is

(A) hypocrite

(B) imposter

(C) somnambulist

(D) sarcastic

**6.** Choose the tense form of the following sentence :

I was standing outside the post office.

(A) Present continuous tense

(B) Past continuous tense

(C) Past simple tense

(D) Past Perfect tense

**7.** I am trying to phone her, but I can't

(A) get up

(B) get through

(C) get on

(D) get away

**8.** Which of the following is the sentence with coordinating conjunction?

(A) He held my hand lest I should fall.

(B) He is slow but he is honest.

(C) Rama will go if Hari goes.

(D) A book is a book although there is nothing in it.

**9.** The word which is most similar in meaning to the word 'Thrashing' is

(A) Garbage

(B) Beating

(C) Shouting

(D) Warning

**10.** The group of words which is most similar in meaning to the word 'Vanished' is

(A) Gone missing

(B) Was found

(C) Was killed

(D) Was left behind



LatestLaws.com

**11.** In which State the first 'Lok-Ayukt' was appointed?

(A) Rajasthan

(B) Maharashtra

(C) Gujarat

(D) Uttaranchal

**12.** International Workers Day is observed on

(A) 15th April

(B) 12th December

(C) 1st May

(D) 1st August

**13.** The ratio of width of our National Flag to its length is

(A) 1:2

(B) 2:3

(C) 3:2

(D) 7:9

**14.** 'Law Day' is celebrated in India on which one of the following dates?

(A) 15th August

(B) 26th January

(C) 26th December

(D) 26th November

**15.** The State of Jharkhand was established on

(A) 15th November, 2000

(B) 16th November, 2000

(C) 15th December, 2000

(D) 16th December, 2000

**16.** On the basis of area, the largest State in India is

(A) Rajasthan

(B) Madhya Pradesh

(C) Uttar Pradesh

(D) Maharashtra

**17.** 'joule' is the unit of

(A) temperature

(B) pressure

(C) energy

(D) heat

**18.** Antibiotics

(A) prevents pain

(B) destroys body germs quickly

(C) does not prevent germs from growing

(D) Both (B) and (C)



LatestLaws.com

11. किस राज्य ने सर्वप्रथम लोक-आयुक्त की नियुक्ति की?

(A) राजस्थान

(B) महाराष्ट्र

(C) गुजरात

(D) उत्तरांचल

12. अन्तर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस मनाई जाती है

(A) 15 अप्रैल को

(B) 12 दिसम्बर को

(C) 1 मई को

(D) 1 अगस्त को

13. हमारे राष्ट्रीय ध्वज की चौड़ाई और लम्बाई का अनुपात है

(A) 1 : 2

(B) 2 : 3

(C) 3 : 2

(D) 7 : 9

14. भारत में निम्नलिखित में से किस तिथि को 'विधि दिवस' के रूप में मनाया जाता है?

(A) 15 अगस्त

(B) 26 जनवरी

(C) 26 दिसम्बर

(D) 26 नवम्बर

15. झारखण्ड राज्य की स्थापना हुई

(A) 15 नवम्बर, 2000 को

(B) 16 नवम्बर, 2000 को

(C) 15 दिसम्बर, 2000 को

(D) 16 दिसम्बर, 2000 को

16. क्षेत्रफल के आधार पर, भारत का सबसे बड़ा राज्य है

(A) राजस्थान

(B) मध्य प्रदेश

(C) उत्तर प्रदेश

(D) महाराष्ट्र

17. 'जूल' इकाई है

(A) तापमान का

(B) दबाव का

(C) ऊर्जा का

(D) ऊष्मा का

18. एंटीबायोटिक्स

(A) दर्द को दूर करता है

(B) शरीर में जर्म को तत्काल नष्ट करता है

(C) जर्म को बढ़ने से निवारित नहीं करता है

(D) दोनों (B) तथा (C)



LatestLaws.com

**19.** Where did Akbar born?

(A) Delhi

(B) Lahore

(C) Agra

(D) Amarkot

**20.** The Tax Reform Commission was set up by the

(A) Planning Commission

(B) Prime Minister

(C) Ministry of Finance

(D) Interstate Council

**21.** During proceeding for execution of a decree, if a question arises as to whether any person is or is not the representative of a party, such question shall be determined by

(A) the court which passed the decree

(B) the court executing the decree

(C) the Appellate Court

(D) a separate suit

**22.** In execution of a decree, other than a decree for maintenance, passed against *A*, what shall be the attachable portion, if his salary is ₹ 10,000 per month?

(A) ₹ 3,333

(B) ₹ 5,000

(C) ₹ 3,000

(D) ₹ 6,666

**23.** In an 'interpleader suit', there

(A) are several claimants claiming the property adverse to each other

(B) is only one claimant claiming the property against the other

(C) are several claimants claiming the property under common interest of all

(D) None of the above

**24.** The court cannot order execution of a decree as per Section 51 of CPC, in which of the following ways?

(A) By delivery of any property specifically decreed

(B) By attachment and sale of property

(C) By serving summons on the party

(D) By appointing a receiver

**25.** If the appellant withdraws the appeal preferred against a decree passed ex parte, the application under Order 9, Rule 13 of CPC shall be

(A) rejected

(B) returned

(C) maintainable

(D) referred for opinion of the Appellate Court



LatestLaws.com

19. अकबर का जन्म कहाँ हुआ था?

(A) दिल्ली

(B) लाहौर

(C) आगरा

(D) अमरकोट

20. टैक्स रिफॉर्म कमीशन स्थापित किया गया था

(A) योजना आयोग द्वारा

(B) प्रधानमन्त्री द्वारा

(C) वित्त मन्त्रालय द्वारा

(D) अन्तर्राज्यीय परिषद् द्वारा

21. डिक्री की निष्पादन प्रक्रिया के दौरान यदि प्रश्न उठता है कि एक व्यक्ति एक पक्ष का प्रतिनिधि है अथवा नहीं, तो ऐसा प्रश्न निर्णीत किया जायेगा

(A) न्यायालय, जिसने डिक्री पारित की है, द्वारा

(B) डिक्री के निष्पादन कराने वाले न्यायालय द्वारा

(C) अपीलीय न्यायालय द्वारा

(D) एक अलग वाद द्वारा

22. एक डिक्री, भरण-पोषण के डिक्री के अलावा, *A* के विरुद्ध पारित की गई है। यदि उसका वेतन ₹ 10,000 प्रति माह है, तो उसका कितना भाग कुर्क किया जा सकेगा?

(A) ₹ 3,333

(B) ₹ 5,000

(C) ₹ 3,000

(D) ₹ 6,666

23. एक 'अन्तराभिवाची वाद' में

(A) दावेदारों द्वारा सम्पत्ति के बारे में एक-दूसरे के प्रतिकूल दावा होता है

(B) मात्र एक दावेदार द्वारा सम्पत्ति के बारे में एक-दूसरे के प्रतिकूल दावा होता है

(C) दावेदारों द्वारा सम्पत्ति में सभी के सामान्य हित का दावा होता है

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

24. सी० पी० सी० की धारा 51 के अन्तर्गत निम्नलिखित में से किस रीति में न्यायालय डिक्री के निष्पादन कराने का आदेश नहीं दे सकेगा?

(A) विनिर्दिष्ट रूप से डिक्रीत किसी सम्पत्ति के परिदान द्वारा

(B) किसी सम्पत्ति की कुर्की और विक्रय द्वारा

(C) पक्षकार पर समन के निर्वाह द्वारा

(D) रिसीवर की नियुक्ति द्वारा

25. यदि एक एकपक्षीय पारित डिक्री के विरुद्ध अपील को अपीलार्थी वापस लेता है, तो आदेश 9, नि० 13, सी० पी० सी० के तहत आवेदन

(A) निरस्त होगा

(B) वापस होगा

(C) प्रचलनीय होगा

(D) अपीलीय न्यायालय के अभिमत के लिये प्रेषित होगा



LatestLaws.com

**26.** Where a suit is abated or dismissed under Order 22 of CPC on the same cause of action

(A) new suit may be instituted with the consent of parties

(B) fresh suit may be filed with prior permission of the court

(C) no fresh suit shall be brought

(D) new suit may be filed if sufficient cause is shown

**27.** Which of the following is not correct regarding the powers of Appellate Court?

(A) Appellate Court has power to determine a case finally

(B) Appellate Court has power to remand the case

(C) Appellate Court has no power to take additional evidence

(D) Appellate Court has power to frame issue and refer them for trial

**28.** Period of detention in civil imprisonment, as a consequence of disobedience or breach of any injunction, shall not exceed

(A) one month

(B) three months

(C) six months

(D) one year

**29.** If a party who has obtained an order to amend the pleadings under CPC, if not amended, after expiration of how many days shall not be permitted to amend the same without the leave of the court?

(A) 15 days

(B) 90 days

(C) 14 days

(D) 30 days

**30.** Where party dies after conclusion of the hearing and before pronouncing of judgement

(A) the suit shall abate

(B) the suit shall not abate

(C) the suit shall not abate if cause of action survives

(D) it will be deemed that judgement has been pronounced before death of the party

**31.** An application for revision under CPC is filed under

(A) Section 114

(B) Section 115

(C) Section 116

(D) Section 113

**32.** Before filing a suit against government under Section 80 of CPC it requires a notice to be given to the government of

(A) 60 days

(B) 30 days

(C) 90 days

(D) 14 days



LatestLaws.com

**26.** जहाँ पर एक दावा आदेश 22, सी० पी० सी० के तहत उपसमित अथवा खारिज होता है, तो उसी वाद-कारण पर

(A) पक्षकारों की सहमति से नया वाद संशित हो सकता है

(B) न्यायालय के पूर्व अनुमति से नया वाद दायर हो सकता है

(C) कोई नया वाद नहीं लाया जा सकेगा

(D) यदि पर्याप्त कारण दर्शित है, तो नया वाद दायर हो सकता है

**27.** अपीलीय न्यायालय के अधिकार के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन-सी बात सही नहीं है?

(A) अपीलीय न्यायालय को मामले को अंतिम रूप से विनिश्चय करने का अधिकार है

(B) अपीलीय न्यायालय को मामले को रिमाण्ड करने का अधिकार है

(C) अपीलीय न्यायालय को अतिरिक्त साक्ष्य लेने का अधिकार नहीं है

(D) अपीलीय न्यायालय को वाद विरचित कर उन्हें विचारण के लिये भेजने का अधिकार है

**28.** किसी व्यादेश की अवज्ञा या उसको भंग करने पर सिविल कारागार में —— से अनधिक अवधि के लिये निरुद्ध किया जायेगा।

(A) एक माह

(B) तीन माह

(C) छः माह

(D) एक वर्ष

**29.** कोई पक्षकार सी० पी० सी० के अनुसार, संशोधन करने की अनुमति प्राप्त करने के आदेश के कितने दिन तक अभिवचनों में संशोधन नहीं करता, तो न्यायालय की अनुमति के बिना वह संशोधन नहीं कर सकेगा?

(A) 15 दिन

(B) 90 दिन

(C) 14 दिन

(D) 30 दिन

**30.** जहाँ एक पक्षकार की मृत्यु सुनवाई की समाप्ति पर किन्तु निर्णय उद्घोषित करने के पूर्व होती है

(A) वाद का उपशमन होगा

(B) वाद का उपशमन नहीं होगा

(C) वाद का उपशमन नहीं होगा, यदि वाद-कारण बचा रहता है

(D) यह माना जायेगा कि निर्णय पक्षकार की मृत्यु होने के पहले उद्घोषित किया गया

**31.** सी० पी० सी० में पुनरीक्षण के लिये आवेदन किस धारा के तहत की जा सकती है?

(A) धारा 114

(B) धारा 115

(C) धारा 116

(D) धारा 113

**32.** सी० पी० सी० की धारा 80 में सरकार के विरुद्ध वाद दायर करने से पहले कितने दिन की सूचना सरकार को देना आवश्यक है?

(A) 60 दिन

(B) 30 दिन

(C) 90 दिन

(D) 14 दिन



LatestLaws.com

**33.** Exemption from personal appearance in the court is provided under

(A) Section 133 of CPC

(B) Section 132 of CPC

(C) Section 143 of CPC

(D) Section 142 of CPC

**34.** A suit in respect of public charities is provided under

(A) Section 92 of CPC

(B) Section 41 of CPC

(C) Section 100 of CPC

(D) Section 105 of CPC

**35.** Suit of indigent persons has been provided under

(A) Order 32 of CPC

(B) Order 33 of CPC

(C) Order 29 of CPC

(D) Order 34 of CPC

**36.** The provision in respect of summary procedure has been laid down under

(A) Order 37 of CPC

(B) Order 36 of CPC

(C) Order 38 of CPC

(D) Order 40 of CPC

**37.** Under Section 37 of Code of Criminal Procedure every person is bound to assist a Magistrate or a Police Officer

(A) in the taking or preventing the escape of any other person whom such Magistrate or Police Officer is authorized to arrest

(B) in the prevention or suppression of a breach of peace

(C) in the prevention of any injury attempted to be committed to railways

(D) All of the above

**38.** In a cognizable case under Indian Penal Code, the police will have all the powers to investigate

(A) except the power to arrest without warrant

(B) including the power to arrest without warrant

(C) and arrest without warrant, only after seeking permission from the Magistrate

(D) and arrest without warrant, only after informing the Magistrate having jurisdiction to inquire into or try the offence



LatestLaws.com

**33.** कोर्ट में व्यक्तिगत उपसंजाति से छूट प्राप्त करने का प्रावधान किस धारा में है?

(A) धारा 133, सी० पी० सी०

(B) धारा 132, सी० पी० सी०

(C) धारा 143, सी० पी० सी०

(D) धारा 142, सी० पी० सी०

**34.** लोक-चारा के लिये वाद किस धारा के तहत लाया जाता है?

(A) धारा 92, सी० पी० सी०

(B) धारा 41, सी० पी० सी०

(C) धारा 100, सी० पी० सी०

(D) धारा 105, सी० पी० सी०

**35.** निर्धन व्यक्तियों द्वारा वाद के सम्बन्ध में प्रावधान किस आदेश में है?

(A) आदेश 32, सी० पी० सी०

(B) आदेश 33, सी० पी० सी०

(C) आदेश 29, सी० पी० सी०

(D) आदेश 34, सी० पी० सी०

**36.** संक्षिप्त प्रक्रिया सम्बन्धी प्रावधान किस आदेश के तहत है?

(A) आदेश 37, सी० पी० सी०

(B) आदेश 36, सी० पी० सी०

(C) आदेश 38, सी० पी० सी०

(D) आदेश 40, सी० पी० सी०

**37.** दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 37 के अन्तर्गत सभी व्यक्ति मजिस्ट्रेट या पुलिस की सहायता के लिए बाध्य हैं

(A) जिसे वह मजिस्ट्रेट या पुलिस अधिकारी गिरफ्तार करने के लिए प्राधिकृत है, उसे पकड़ने या भागने से रोकने में

(B) परिशांति भंग के निवारण या रोकने में

(C) रेलवे को क्षति पहुँचाने के प्रयास को रोकने में

(D) उपर्युक्त सभी मामलों में

**38.** भारतीय दण्ड संहिता के अन्तर्गत संज्ञेय वाद में पुलिस को शक्ति है

(A) अन्वेषण का, परन्तु बगैर वारंट के गिरफ्तार करने की शक्ति को छोड़कर

(B) अन्वेषण का और बगैर वारंट के गिरफ्तार करने की शक्ति सहित

(C) अन्वेषण का और बगैर वारंट के गिरफ्तारी का, परन्तु दण्डाधिकारी से अनुमति प्राप्त कर

(D) अन्वेषण और गिरफ्तारी का बिना वारंट के, परन्तु दण्डाधिकारी जिन्हें उस अपराध में जाँच या दण्ड देने का अधिकार है, उन्हें सूचना देने के बाद ही



LatestLaws.com

**39.** For the purpose of taking cognizance of an offence what period of limitation is prescribed by the court for an offence carrying punishment not exceeding one year?

(A) 3 months

(B) 6 months

(C) 1 year

(D) 3 years

**40.** What is the maximum period an Executive Magistrate may authorize the detention of an accused in custody?

(A) Not exceeding 24 hours

(B) Not exceeding 3 days

(C) Not exceeding 7 days

(D) Not exceeding 15 days

**41.** Who is not entitled to any maintenance under Chapter IX of CrPC?

(A) Divorced wife

(B) Judicially separated wife

(C) Illegitimate child

(D) Physically and mentally able adult son

**42.** How long a warrant of arrest shall remain in force?

(A) 6 years

(B) 10 years

(C) 12 years

(D) Until executed or cancelled

**43.** What is the time limit prescribed within which claims and objections to attachment to be made under CrPC?

(A) 6 months

(B) 60 days

(C) 1 year

(D) 3 years

**44.** Under what appropriate Section, a Magistrate may issue an order of injunction?

(A) Section 133

(B) Section 142

(C) Section 144

(D) Section 145

**45.** Under what Section of CrPC a Magistrate may direct local investigation?

(A) Section 139

(B) Section 133

(C) Section 145

(D) Section 147

**46.** Who among the following may ask for security for keeping peace on conviction?

(A) Subdivisional Magistrate

(B) District Magistrate

(C) Executive Magistrate

(D) First Class Judicial Magistrate



LatestLaws.com

**39.** यदि अपराध एक वर्ष से अनधिक की अवधि के लिये कारावास से दण्डनीय है, तो न्यायालय उस अपराध का संज्ञान किस परिसीमा काल की समाप्ति के पश्चात् नहीं करेगा?

(A) 3 महीने

(B) 6 महीने

(C) 1 वर्ष

(D) 3 वर्ष

**40.** वह कौन-सी अधिकतम अवधि है, जिसमें एक कार्यपालक मजिस्ट्रेट एक अभियुक्त को अभिरक्षा में निरोध कर सकेगा?

(A) 24 घण्टे से अनधिक

(B) 3 दिनों से अनधिक

(C) 7 दिनों से अनधिक

(D) 15 दिनों से अनधिक

**41.** इनमें से कौन अध्याय 9, दण्ड प्र० सं० के तहत भरण-पोषण पाने का हकदार नहीं है?

(A) तलाकशुदा पत्नी

(B) न्यायिक रूप से अलग रह रही पत्नी

(C) अधर्मज संतान

(D) वयस्क पुत्र जो मानसिक और शारीरिक रूप से योग्य है

**42.** एक वारंट किस अवधि तक कार्यकारी रहता है?

(A) 6 वर्ष

(B) 10 वर्ष

(C) 12 वर्ष

(D) जब तक कि तामील न हो या बातिल न कर दिया जाय

**43.** दण्ड प्र० सं० के तहत वह कौन-सी अधिकतम अवधि है, जिसमें कुर्की के बारे में दावे और आपत्तियाँ दायर करना आवश्यक है?

(A) 6 महीने

(B) 60 दिन

(C) 1 वर्ष

(D) 3 वर्ष

**44.** किस उपयुक्त धारा के तहत एक मजिस्ट्रेट व्यादेश जारी कर सकता है?

(A) धारा 133

(B) धारा 142

(C) धारा 144

(D) धारा 145

**45.** दण्ड प्र० सं० के किस धारा के तहत एक मजिस्ट्रेट स्थानीय अन्वेषण के लिये निर्देश जारी कर सकता है?

(A) धारा 139

(B) धारा 133

(C) धारा 145

(D) धारा 147

**46.** इनमें से कौन दोषसिद्धि पर परिशांति कायम रखने के लिये प्रतिभूति की माँग कर सकता है?

(A) उपखण्ड मजिस्ट्रेट

(B) जिला मजिस्ट्रेट

(C) कार्यपालक मजिस्ट्रेट

(D) प्रथम वर्ग न्यायिक मजिस्ट्रेट



LatestLaws.com

**47.** What is the maximum period, under Section 110 of CrPC, for furnishing security prescribed for keeping good behaviour?

(A) 6 months

(B) 1 year

(C) 2 years

(D) 3 years

**48.** A confession made under Section 164 of the Criminal Procedure Code of 1973 can be recorded by a Magistrate, during the course of

(A) a trial

(B) an investigation

(C) a trial or an investigation

(D) investigation, but before the commencement of inquiry or trial

**49.** Trial commences in warrant cases instituted on police report

(A) with the issuance of process against accused person

(B) with the submission of police report

(C) on the framing of formal charge

(D) on the appearance of the accused in obedience to the process issued by the court

**50.** Which of the following statements need not be signed by the maker?

(A) Statement u/s 313 of CrPC

(B) Statement u/s 164 of CrPC

(C) Statement u/s 161 of CrPC

(D) Statement (Confession) by accused u/s 164 of CrPC

**51.** Under which Section of law, Magistrate has power to issue 'commission' for examination of witness in prison?

(A) Section 270

(B) Section 271

(C) Section 272

(D) Section 273

**52.** Under which Section of law the court has provision to direct tender of pardon to the accused before pronouncement of judgement?

(A) Section 306

(B) Section 307

(C) Section 301

(D) Section 310

**53.** If question asked to witness to any matter relevant to the matter in issue and the answer given by witness to such question will criminate him, then

(A) the witness shall be compelled to answer such question

(B) the witness shall not be compelled to answer such question

(C) court may presume

(D) None of the above



LatestLaws.com

47. दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 110 में सदाचार के लिये प्रतिभूति सहित बन्धपत्र निष्पादित करने की अधिकतम अवधि है

(A) 6 महीने

(B) 1 वर्ष

(C) 2 वर्ष

(D) 3 वर्ष

48. दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 164 के तहत संस्वीकृति मजिस्ट्रेट अभिलिखित कर सकता है

(A) विचारण के दौरान

(B) अनुसंधान के दौरान

(C) विचारण या अनुसंधान के दौरान

(D) अनुसंधान के क्रम में परन्तु जाँच या विचारण प्रारम्भ होने के पूर्व

49. वारण्ट मामलों का विचारण, जो पुलिस रिपोर्ट पर संस्थित किये गये हों, शुरू होता है

(A) अभियुक्त के खिलाफ आदेशिका जारी करने के साथ

(B) पुलिस रिपोर्ट दायर होने के साथ

(C) विधिवत् आरोप विरचित के बाद

(D) जब अभियुक्त कोर्ट का समन पाकर कोर्ट के समक्ष उपस्थित होता है

50. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, कथनकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित किया जाना जरूरी नहीं है?

(A) दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 313 के तहत दिया गया कथन

(B) दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 164 के तहत दिया गया कथन

(C) दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 161 के तहत दिया गया कथन

(D) दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 164 के तहत अभियुक्त का कथन (संस्वीकृति)

51. मजिस्ट्रेट अधिनियम की किस धारा के तहत कारागार में किसी बन्दी की साक्षी के रूप में परीक्षा हेतु कमीशन जारी कर सकता है?

(A) धारा 270

(B) धारा 271

(C) धारा 272

(D) धारा 273

52. न्यायालय के निर्णय से पूर्व अभियुक्त को क्षमादान देने का प्रावधान अधिनियम की किस धारा में है?

(A) धारा 306

(B) धारा 307

(C) धारा 301

(D) धारा 310

53. किसी साक्षी से प्रश्न पूछा गया और वह विवाद से सुसंगत है तथा यदि वह उत्तर देता है तो वह दाण्डिक कार्यवाही में फँस सकता है, तो ऐसे प्रश्न के उत्तर को देने के लिये साक्षी को

(A) बाध्य किया जा सकता है

(B) बाध्य नहीं किया जा सकता है

(C) न्यायालय अवधारित कर सकेगा

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं



LatestLaws.com

**54.** 'Estoppel' has been defined under

(A) Section 115

(B) Section 114

(C) Section 117

(D) Section 130

**55.** The presumption of legitimacy under Section 112 is

(A) presumption of law

(B) presumption of fact

(C) mixed presumption of law and fact

(D) None of the above

**56.** A witness may, while under examination, refresh his memory by referring to any writing made by himself at the time of the transaction or soon afterwards. This provision is provided under

(A) Section 159

(B) Section 160

(C) Section 158

(D) Section 166

**57.** Leading question has been defined under the Indian Evidence Act, 1872 under

(A) Section 141

(B) Section 142

(C) Section 143

(D) Section 145

**58.** Under which Section of the Indian Evidence Act, 1872, a public servant shall not be compelled to disclose communication made to him in official confidence?

(A) Section 123

(B) Section 124

(C) Section 125

(D) Section 126

**59.** *A* is charged with travelling in a railway without a ticket. The burden of proving that he had a ticket, is

(A) on prosecution

(B) on accused

(C) Neither on prosecution nor on accused

(D) None of the above

**60.** In respect of a certified copy, thirty years old, which fulfills all the conditions laid under Section 90 of the Indian Evidence Act, the court

(A) shall presume

(B) may presume

(C) will not presume

(D) None of the above



LatestLaws.com

**54.** 'विबन्ध' को किस धारा में परिभाषित किया गया है?

(A) धारा 115

(B) धारा 114

(C) धारा 117

(D) धारा 130

**55.** धारा 112 में धर्मजत्व की उपधारणा निम्नलिखित में से कौन-सी है?

(A) विधिक उपधारणा

(B) तथ्य की उपधारणा

(C) तथ्य एवं विधि की मिश्रित उपधारणा

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**56.** स्मृति ताजा करने के लिये साक्षी की कोई भी ऐसा लिखित विवरण देखने को अवसर दिया जाता है जो घटना के साथ या उसी समय तैयार किया गया था। यह प्रावधान किस धारा में है?

(A) धारा 159

(B) धारा 160

(C) धारा 158

(D) धारा 166

**57.** भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 के तहत सूचक प्रश्न को किस धारा में परिभाषित किया गया है?

(A) धारा 141

(B) धारा 142

(C) धारा 143

(D) धारा 145

**58.** भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 की किस धारा के तहत किसी लोक अधिकारी को शासकीय विश्वास में दी गई संसूचना को प्रकट करने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता है?

(A) धारा 123

(B) धारा 124

(C) धारा 125

(D) धारा 126

**59.** *A* पर अभियोग है कि वह बिना टिकट रेलवे में यात्रा कर रहा था। इस बात को प्रमाण करने का कि उसके पास टिकट था, भार होगा

(A) अभियोजन पक्ष पर

(B) अभियुक्त पर

(C) न तो अभियोजन पक्ष पर और न ही अभियुक्त पर

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**60.** 30 वर्ष पुरानी एक प्रमाणित प्रतिलिपि जो कि धारा 90, भारतीय साक्ष्य अधिनियम की शर्तें पूरी करती हों, उसके सम्बन्ध में न्यायालय

(A) अवधारणा करेगा

(B) अवधारणा कर सकेगा

(C) अवधारणा नहीं करेगा

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं



LatestLaws.com

**61.** A certified copy of a registered sale deed produced in evidence

(A) will be proof of execution of the original and its registration

(B) will be proof of execution only

(C) will be merely proof of the fact that an original document was registered

(D) will not prove anything in absence of original

**62.** Confession of one accused is admissible evidence against co-accused, if they are tried

(A) jointly for the same offence

(B) jointly for different offences

(C) for the same offence but not jointly

(D) for different offences and not jointly

**63.** For the purpose of proving a registered 'Will', it shall be necessary to call

(A) all the attesting witnesses

(B) one attesting witness at least

(C) one attesting witness and the scriber of the Will

(D) one attesting witness and the registering officer

**64.** In the Evidence Act, the conditions in respect of computer output to be deemed and admissible in evidence as document is contained in

(A) Section 65(B)(4)

(B) Section 65(B)(1)

(C) Section 65(B)(2)

(D) Section 65(B)(5)

**65.** Which of the following is correct in respect of determining the date of birth of *A*?

(A) A letter from *A*'s deceased father to a friend, announcing the birth of *A* is a relevant fact

(B) A letter from *A*'s deceased father to a friend, announcing the birth of *A* is not a relevant fact

(C) a letter from *A*'s deceased father to a friend, announcing the birth of *A* is not admissible in evidence

(D) None of the above

**66.** Which of the following is required to be proved essentially?

(A) Judicial notice

(B) Admitted fact

(C) Confession

(D) Relevant fact



LatestLaws.com

61. साक्ष्य में प्रस्तुत एक पंजीकृत विक्रय-पत्र की एक प्रमाणित प्रति

(A) मूल के निष्पादन एवं उसके पंजीयन की सबूत होगी

(B) केवल निष्पादन की सबूत होगी

(C) केवल इस तथ्य की सबूत होगी कि मूल दस्तावेज पंजीकृत हुआ था

(D) मूल के अभाव में किसी बात की सबूत नहीं होगी

62. एक अभियुक्त की संस्वीकृति सह-अभियुक्त के विरुद्ध ग्राह्ययोग्य साक्ष्य है

(A) यदि एक ही अपराध के लिये उनका संयुक्त विचारण है

(B) यदि उनका संयुक्त विचारण अलग-अलग अपराध के लिये है

(C) यदि उनका विचारण एक ही अपराध के लिये है, परन्तु संयुक्त नहीं है

(D) यदि उनका विचारण अलग-अलग अपराधों के लिए है और संयुक्त नहीं है

63. एक पंजीकृत 'वसीयत' साबित करने के लिये यह आवश्यक होगा कि बुलाये जायें

(A) सभी अनुप्रमाणन साक्षी

(B) कम-से-कम एक अनुप्रमाणन साक्षी

(C) एक अनुप्रमाणन साक्षी एवं वसीयत का लेखक

(D) एक अनुप्रमाणन साक्षी एवं पंजीकरण अधिकारी

64. साक्ष्य अधिनियम में कम्प्यूटर निर्गत का दस्तावेज एवं साक्ष्य में ग्राह्य माने जाने की शर्तों का वर्णन किस धारा में है?

(A) धारा 65(B)(4)

(B) धारा 65(B)(1)

(C) धारा 65(B)(2)

(D) धारा 65(B)(5)

65. निम्नलिखित में से कौन-सा *A* के जन्म के तारीख-निर्धारण हेतु सही है?

(A) *A* के मृत पिता द्वारा किसी मित्र को लिखा हुआ पत्र जिसमें *A* के जन्म के बारे में बताया गया था, सुसंगत तथ्य है

(B) *A* के मृत पिता द्वारा किसी मित्र को लिखा हुआ पत्र जिसमें *A* के जन्म के बारे में बताया गया था, सुसंगत तथ्य नहीं है

(C) *A* के मृत पिता द्वारा किसी मित्र को लिखा हुआ पत्र जिसमें *A* के जन्म के बारे में बताया गया था, साक्ष्य में ग्राह्य नहीं है

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

66. निम्नलिखित में से किस तथ्य को साबित करना आवश्यक है?

(A) न्यायिक अवेक्षा

(B) स्वीकृत तथ्य

(C) संस्वीकृति

(D) सुसंगत तथ्य



LatestLaws.com

**67.** Opinions of experts are not relevant

(A) upon a point of science

(B) upon a point of art

(C) upon a point of domestic law

(D) as to identity of handwriting

**68.** Which of the following Sections provides that evidence may be given of facts in issue?

(A) Section 3

(B) Section 4

(C) Section 5

(D) Section 6

**69.** Which one of the following is not essential for a consideration?

(A) It must be given at the desire of the promisor

(B) Valuable

(C) Lawful

(D) Adequate

**70.** The provisions relating to contingent contract under the Indian Contract Act, 1872 is laid down under

(A) Sections 31 to 37

(B) Sections 32 to 37

(C) Sections 31 to 36

(D) Sections 30 to 36

**71.** The intimation under Section 59 of the Indian Contract Act, 1872

(A) must be implied

(B) must be expressed

(C) may be either expressed or implied

(D) None of the above

**72.** A tender in a newspaper is

(A) invitation to offer

(B) promise

(C) offer

(D) invitation for acceptance

**73.** Every promise and every set of promises forming the consideration for each other is

(A) an agreement

(B) an acceptance

(C) an offer

(D) a contract

**74.** *A* agrees with *B* to discover treasure by magic. The agreement is

(A) voidable

(B) void

(C) wrongful

(D) enforceable



LatestLaws.com

**67.** विशेषज्ञों की राय सुसंगत नहीं है

(A) विज्ञान की किसी बात पर

(B) कला की किसी बात पर

(C) घरेलू विधि की किसी बात पर

(D) हस्तलेख की पहचान के बारे में

**68.** निम्नलिखित में से किस धारा में कहा गया है कि विवाद्यक तथ्यों का साक्ष्य दिया जा सकेगा?

(A) धारा 3

(B) धारा 4

(C) धारा 5

(D) धारा 6

**69.** निम्नलिखित में से कौन-सा प्रतिफल के लिए आवश्यक नहीं है?

(A) वह वचनदाता की इच्छा पर दिया जाना चाहिए

(B) मूल्यवान

(C) वैध

(D) पर्याप्त

**70.** भारतीय संविदा अधिनियम, 1872 के तहत समाश्रित संविदा के सम्बन्ध में धाराएँ हैं

(A) 31 से 37 तक

(B) 32 से 37 तक

(C) 31 से 36 तक

(D) 30 से 36 तक

**71.** भारतीय संविदा अधिनियम, 1872 की धारा 59 के तहत सूचना

(A) सिर्फ विवक्षित हो सकती है

(B) सिर्फ अभिव्यक्त हो सकती है

(C) अभिव्यक्त या विवक्षित, कोई भी हो सकती है

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**72.** न्यूजपेपर में निविदा है

(A) प्रस्तावना का आमन्त्रण

(B) वचन

(C) प्रस्तावना

(D) प्रतिग्रहण के लिये आमन्त्रण

**73.** प्रत्येक वचन और वचनों का प्रत्येक संवर्ग जो एक-दूसरे के लिये प्रतिफल हों

(A) करार है

(B) प्रतिग्रहण है

(C) प्रस्तावना है

(D) संविदा है

**74.** जादू से गुप्तनिधि का पता चलाने का *B* से *A* करार करता है। यह करार

(A) शून्यकरणीय है

(B) शून्य है

(C) दोषपूर्ण है

(D) प्रवर्तनीय है



LatestLaws.com

**75.** Which of the following Sections of the Indian Contract Act, 1872 defines 'Contract'?

(A) Section 2(h)

(B) Section 2(f)

(C) Section 2(d)

(D) Section 2(a)

**76.** Which of the following Sections of the Indian Contract Act, 1872 defines 'Consideration'?

(A) Section 2(a)

(B) Section 2(b)

(C) Section 2(c)

(D) Section 2(d)

**77.** "An agreement without consideration is void." Which Section of the Indian Contract Act, 1872 lays down this provision?

(A) Section 23

(B) Section 2(d)

(C) Section 10

(D) Section 25(1)

**78.** The nature of an agreement made under the provisions of Section 20 of the Indian Contract Act, 1872 would be

(A) valid

(B) void

(C) invalid

(D) voidable

**79.** "The liability of the surety is coextensive with that of the principal debtor." It has been provided under

(A) Section 126

(B) Section 127

(C) Section 128

(D) Section 130

**80.** 'An agreement to do an act impossible' is provided in the Indian Contract Act under

(A) Section 39

(B) Section 50

(C) Section 56

(D) Section 55

**81.** A 'contract of pledge' is a contract of

(A) indemnity

(B) guarantee

(C) bailment

(D) agency

**82.** In kidnapping, consent of minor is

(A) wholly immaterial

(B) partly immaterial

(C) wholly material

(D) partly material



LatestLaws.com

**75.** भारतीय संविदा अधिनियम, 1872 की निम्नलिखित में से कौन-सी धारा 'संविदा' को परिभाषित करती है?

(A) धारा 2(h)

(B) धारा 2(f)

(C) धारा 2(d)

(D) धारा 2(a)

**76.** भारतीय संविदा अधिनियम, 1872 में 'प्रतिफल' की परिभाषा निम्नलिखित में से किस धारा में उपबन्धित की गई है?

(A) धारा 2(a)

(B) धारा 2(b)

(C) धारा 2(c)

(D) धारा 2(d)

**77.** "प्रतिफल के बिना किया गया करार शून्य होता है।" यह भारतीय संविदा अधिनियम, 1872 की किस धारा में उपबन्धित है?

(A) धारा 23

(B) धारा 2(d)

(C) धारा 10

(D) धारा 25(1)

**78.** भारतीय संविदा अधिनियम, 1872 की धारा 20 के तहत किए गए करार की प्रकृति होगी

(A) वैध

(B) शून्य

(C) अवैध

(D) शून्यकरणीय

**79.** "प्रतिभू का दायित्व मूलऋणी के दायित्व के समविस्तीर्ण है।" यह उपबन्धित है

(A) धारा 126 के अन्तर्गत

(B) धारा 127 के अन्तर्गत

(C) धारा 128 के अन्तर्गत

(D) धारा 130 के अन्तर्गत

**80.** 'संविदा-पालन की असम्भवता का सिद्धान्त' भारतीय संविदा अधिनियम की किस धारा में वर्णित है?

(A) धारा 39

(B) धारा 50

(C) धारा 56

(D) धारा 55

**81.** 'गिरवी की संविदा'

(A) क्षतिपूर्ति की संविदा है

(B) प्रत्याभूति की संविदा है

(C) उपनिधान की संविदा है

(D) अभिकरण की संविदा है

**82.** व्यपहरण के मामले में, अवयस्क की सम्मति

(A) पूर्णरूपेण महत्वहीन है

(B) आंशिक रूप से महत्वहीन है

(C) का पूर्ण महत्व है

(D) का आंशिक महत्व है



LatestLaws.com

**83.** *A*, who deals only in coconut oil, enters into an agreement with *B* to sell 50 tons of oil. The agreement is

(A) enforceable by law

(B) void due to uncertainty

(C) voidable due to uncertainty

(D) None of the above

**84.** *B* is wife of *A*. *A* during lifetime of *B* and with her consent makes an agreement with *C* to marry her (*C*). The agreement is

(A) void

(B) voidable

(C) valid

(D) None of the above

**85.** *A* finds the key of *B*'s house door, which *B* had lost, and commits house trespass by entering *B*'s house, having opened the door with that key. *A* has committed the offence of

(A) lurking house trespass

(B) criminal misappropriation

(C) attempt to theft

(D) housebreaking

**86.** What punishment may be awarded to the person whose act is covered under general exceptions of Chapter IV of IPC?

(A) No punishment

(B) Half of the punishment prescribed for that offence

(C) One fourth of the punishment prescribed for that offence

(D) Depends upon discretion of the court

**87.** In which of the following landmark cases, a three-judge bench of the Supreme Court prescribed four-point test relating to Section 300, thirdly, of IPC?

(A) Virsa Singh vs. State of Punjab; AIR 1958, SC 465

(B) States of UP vs. Ramesh Prasad Mishra; (1996) 10, SCC 360

(C) K. M. Nanavati vs. State of Maharashtra; AIR 1962, SC 605

(D) Nehru @ Jawahar vs. State; AIR 2008, SC 2574



LatestLaws.com

**83.** *A*, जो केवल नारियल के तेल का व्यवसायी है, *B* को 50 टन तेल बेचने का करार करता है। यह करार

(A) विधि द्वारा प्रवर्तनीय है

(B) अनिश्चितता के कारण शून्य है

(C) अनिश्चितता के कारण शून्यकरणीय है

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**84.** *B*, *A* की पत्नी है। *B* के जीवित रहते एवं उसकी स्वीकृति से *A*, *C* से विवाह करने का करार करता है। यह करार

(A) शून्य है

(B) शून्यकरणीय है

(C) वैध है

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**85.** *A* को *B* के घर के द्वार की चाबी मिल जाती है, जो *B* से खो गई थी। वह उस चाबी से द्वार खोलकर *B* के घर में प्रवेश कर गृह अतिसार करता है। *A* ने अपराध किया है

(A) प्रच्छन्न गृह अतिचार का

(B) आपराधिक दुर्विनियोग का

(C) चोरी के प्रयत्न का

(D) गृह-भेदन का

**86.** भा० दं० सं० के अध्याय IV के अन्तर्गत साधारण अपवाद के तहत आने वाले कार्य करने वाले व्यक्ति को क्या दण्ड दिया जा सकता है?

(A) कोई दण्ड नहीं

(B) उस अपराध के लिये विहित दण्ड का आधा

(C) उस अपराध के लिये विहित दण्ड का चौथाई

(D) न्यायालय के विवेक के आधार पर

**87.** निम्नलिखित में से किस महत्त्वपूर्ण मामले में सर्वोच्च न्यायालय में तीन न्यायाधीशों की पीठ ने भा० दं० सं० की धारा 300, तृतीय, के सम्बन्ध में चार-बिन्दु परीक्षण विहित किया है?

(A) विरसा सिंह बनाम पंजाब राज्य; AIR 1958, SC 465

(B) उ० प्र० राज्य बनाम रमेश प्रसाद मिश्रा; (1996) 10, SCC 360

(C) के० एम० नानावती बनाम महाराष्ट्र राज्य; AIR 1962, SC 605

(D) नेहरू उर्फ जवाहर बनाम स्टेट; AIR 2008, SC 2574



LatestLaws.com

**88.** Inducing a person with dishonest intention to part with his property by putting him in fear of physical injury amounts to an offence of

(A) theft

(B) criminal misappropriation

(C) extortion

(D) criminal intimidation

**89.** *A* sees *B* drowning in the river, but does not save him. *B* is drowned. *A* has committed

(A) the offence of murder

(B) the offence of abetment of suicide

(C) the offence of culpable homicide not amounting to murder

(D) no offence

**90.** 'Common intention' signifies

(A) similar intention

(B) prearranged planning

(C) presence of common knowledge

(D) common design for common objects

**91.** *A*, knowing that *B* has murdered *Z*, assists *B* to hide the body with the intention of screening *B* from punishment. *A* is liable to

(A) imprisonment of either description for seven years and to fine also

(B) imprisonment for life

(C) death sentence

(D) fine only

**92.** *A* is the paramour of *Z*'s wife. She gives a valuable property to *A*, which *A* knows to belong to *Z*, and *A* takes it dishonestly, without any authority of *Z* to give away. *A* has committed

(A) the offence of theft

(B) the offence of cheating

(C) the offence of extortion

(D) no offence

**93.** Which of the following is not an essential element of theft?

(A) Dishonest intention

(B) Removal from possession

(C) Immovable property

(D) Without consent of the person in possession

**94.** For the offence of abduction of person, abducted must be

(A) minor

(B) major

(C) minor or major

(D) None of the above



LatestLaws.com

88. किसी व्यक्ति को शारीरिक क्षति के भय में डालकर बेईमानी के आशय से अपनी सम्पत्ति देनें के लिये उत्प्रेरित करना अपराध है

(A) चोरी का

(B) आपराधिक दुर्विनियोजन का

(C) उद्दापन का

(D) आपराधिक अभित्रास का

89. $A$, $B$ को नदी में डूबता हुआ देखता है किन्तु उसकी रक्षा नहीं करता। $B$ डूब जाता है। $A$ ने अपराध किया

(A) हत्या का

(B) आत्महत्या के अपराध के दुष्प्रेरण का

(C) आपराधिक मानववध का, जो हत्या की कोटि में नहीं आता

(D) कोई अपराध नहीं

90. 'सामान्य आशय' से अभिप्रेत है

(A) समान आशय

(B) पूर्व व्यवस्थित योजना

(C) सामान्य जानकारी का होना

(D) सामान्य उद्देश्यों के लिये सामान्य अभिसंधि

91. $A$ यह जानते हुए कि $B$ ने $Z$ की हत्या की है, $B$ को दण्ड से प्रतिच्छादित करने के आशय से मृत शरीर को छिपाने में $B$ की सहायता करता है। $A$ उत्तरदायी है

(A) सात वर्ष के लिए कारावास अथवा जुर्माने सहित कारावास के लिए

(B) आजीवन कारावास के लिए

(C) मृत्युदण्ड के लिए

(D) सिर्फ जुर्माने के लिए

92. $A$, $Z$ की पत्नी का जार है। वह $A$ को एक मूल्यवान सम्पत्ति देती है, जिसे $A$ यह जानता है कि वह उसके पति $Z$ की है और $Z$ के बिना किसी देने के प्राधिकार से इस सम्पत्ति को बेईमानी से $A$ प्राप्त करता है। $A$ ने किया

(A) चोरी का अपराध

(B) छल का अपराध

(C) उद्दापन का अपराध

(D) कोई अपराध नहीं

93. निम्नलिखित में से कौन-सा चोरी का आवश्यक तत्व नहीं है?

(A) बेईमानीपूर्ण आशय

(B) कब्जे से हटाना

(C) अचल सम्पत्ति

(D) कब्जेदार की सहमति के बिना

94. अपहरण के अपराध के लिये व्यक्ति, जिसे अपहरित किया जाना है, होना चाहिये

(A) अवयस्क

(B) वयस्क

(C) अवयस्क या वयस्क

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं



LatestLaws.com

**95.** Which of the following is not an essential element for the offence of kidnapping?

(A) Minor

(B) Intention of the accused

(C) Without the consent of lawful guardian

(D) Beyond the control of lawful guardian

**96.** Under IPC, attempt to commit dacoity is punished under

(A) Section 393

(B) Section 394

(C) Section 395

(D) Section 396

**97.** In which of the following cases it is settled that death sentence should be awarded only in the 'rarest of rare' cases?

(A) R vs. Govinda

(B) Hussainara vs. State of Bihar

(C) Bachan Singh vs. State of Punjab

(D) Sunil Batra vs. Delhi Administration

**98.** In which one of the following circumstances, the right of private defence of the body extends to causing death?

(A) Reasonable apprehension to cause simple hurt

(B) Reasonable apprehension to cause simple theft

(C) Reasonable apprehension of causing wrongful restraint

(D) An act of throwing or administering acid or of such an attempt that reasonably causes apprehension of grievous hurt

**99.** As per IPC, gangrape is punished under

(A) Section 376A

(B) Section 376C

(C) Section 376D

(D) Section 376E

**100.** To which one of the following the word 'Illegal' used under Section 43 of IPC is not applicable?

(A) Which is an offence

(B) Which is prohibited by law

(C) Which furnishes a ground for civil action

(D) Which is immoral



LatestLaws.com

95. निम्नलिखित में से व्यपहरण के अपराध के लिये क्या आवश्यक नहीं है?

(A) अवयस्क

(B) अभियुक्त का उद्देश्य

(C) कानूनी संरक्षक की अस्वीकृति

(D) कानूनी अभिभावक के नियन्त्रण से परे

96. डकैती के प्रयास के लिये दण्ड की व्यवस्था है भारतीय दण्ड संहिता की

(A) धारा 393 में

(B) धारा 394 में

(C) धारा 395 में

(D) धारा 396 में

97. निम्नलिखित किस मामले में यह सिद्धान्त प्रतिपादित किया गया कि मृत्युदण्ड केवल 'विरले से विरलतम' मामलों में दिया जाना चाहिये?

(A) आर० बनाम गोविन्दा

(B) हुसैनआरा बनाम बिहार राज्य

(C) बचन सिंह बनाम पंजाब राज्य

(D) सुनील बत्रा बनाम दिल्ली प्रशासन

98. निम्नलिखित में से किस परिस्थिति में शरीर की व्यक्तिगत प्रतिरक्षा मृत्यु कारित करने तक विस्तृत है?

(A) साधारण उपहति कारित करने की युक्तियुक्त आशंका में

(B) साधारण चोरी कारित करने की युक्तियुक्त आशंका में

(C) सदोष अवरोध कारित करने की युक्तियुक्त आशंका में

(D) तेजाब फेंकने या प्रयोग करने या उसके प्रयत्न पर गम्भीर उपहति की युक्तियुक्त आशंका में

99. सामूहिक बलात्कार (गैंग रेप) के लिये सजा निहित की गई है भारतीय दण्ड संहिता की

(A) धारा 376A में

(B) धारा 376C में

(C) धारा 376D में

(D) धारा 376E में

100. भारतीय दण्ड संहिता की धारा 43 में प्रयुक्त 'अवैध' शब्द निम्नलिखित में से किसे लागू नहीं है?

(A) जो अपराध है

(B) जो विधि द्वारा प्रतिषिद्ध है

(C) जो दीवानी कार्यवाही हेतु आधार प्रदान करता है

(D) जो अनैतिक है

★★★



LatestLaws.com

SPACE FOR ROUGH WORK



LatestLaws.com

SPACE FOR ROUGH WORK



LatestLaws.com

**जब तक आपको यह प्रश्न-पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें**

**Booklet No.** **Booklet Series**

**A**

# प्रश्न-पुस्तिका

## सिविल जज (जूनियर डिविजन) प्रारम्भिक परीक्षा

**निर्धारित समय : 2 घण्टे** **अधिकतम अंक : 100**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. परीक्षा शुरू होने के तुरन्त बाद अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर लें कि यह **प्रश्न-पुस्तिका किसी भी प्रकार से अमुद्रित या फटा या छूटे पन्ने अथवा कंडिका आदि रहित है**। यदि ऐसा है, तो इसे सम्पूर्ण प्रश्न-पुस्तिका से बदल ली जाए।
2. आपको अपना अनुक्रमांक प्रश्न-पुस्तिका में दिए गए खाके में भरना है। इसके अतिरिक्त प्रश्न-पुस्तिका पर कुछ भी न लिखें।
3. अभ्यर्थियों को उपलब्ध कराये गये OMR (Optical Mark Recognition) उत्तर-पत्रक में वांछित सूचनाएँ निर्धारित स्थान पर परीक्षा शुरू होने से पूर्व भरी जानी है। *आवश्यक निर्देश OMR उत्तर-पत्रक पर उपलब्ध हैं।*
4. सही उत्तर चिह्नित करने के लिए एक गोले को **काले** या **नीले** बॉलपॉइन्ट पेन द्वारा भरें। **एक से अधिक गोले को चिह्नित न करें।** एक से अधिक गोले को उत्तर के रूप में चिह्नित करने पर उस उत्तर को गलत माना जाएगा।
5. इस प्रश्न-पुस्तिका में से किसी भी पन्ने को अलग न करें। परीक्षोपरान्त, **OMR उत्तर-पत्रक को कक्ष वीक्षक को सौंप दें।** आपको परीक्षा-समाप्ति के बाद प्रश्न-पुस्तिका अपने साथ ले जाने की अनुमति है।
6. इस प्रश्न-पुस्तिका में **100** प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न का मान **1** अंक है। गलत उत्तर के लिए कोई अंक नहीं काटे जाएँगे।
7. इस प्रश्न-पुस्तिका में रफ़ कार्य के लिए दो पृष्ठ छोड़े गए हैं।
8. परीक्षा कक्ष में कैलकुलेटर, मोबाइल फोन अथवा इलेक्ट्रॉनिक उपकरण साथ में रखना एवं उसका उपयोग करना वर्जित है।
9. अभ्यर्थीगण इस तथ्य से अवगत हैं कि *OMR उत्तर-पत्रक का मूल्यांकन इलेक्ट्रॉनिक मशीन द्वारा किया जाना है। अतएव, वे अपना अनुक्रमांक तथा बुकलेट सीरीज के गोले को सही तरीके से भरें अन्यथा मशीन इसका मूल्यांकन नहीं कर पाएगा।* इस निर्देश का अक्षरशः पालन न करने की अवस्था में अभ्यर्थी स्वयं इसके जिम्मेवार होंगे।
10. अभ्यर्थी, परीक्षा-समाप्ति के उपरान्त ही परीक्षा कक्ष से बाहर जा सकेंगे।

**जब तक आपको यह प्रश्न-पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें**

SEAL

LatestLaws.com